# अतंर्राष्ट्रीय विजिटर लीडरशिप प्रोग्राम के लिए बीकानेर के भुवनेश का चयन

■ राजस्थान से एकमात्र भुवनेश गहलोत का चयन किया गया

**बीकानेर,** (निसं)। अमेरिकी एम्बेसी द्वारा अंतराष्ट्रीय विजिटर लीडरशिप प्रोग्राम के लिए बीकानेर के भुवनेश गहलोत का चयन किया गया है। एक अगस्त से चार सप्ताह तक अमेरिका में चलने वाले 'स्पोर्ट्स फ़ोर डेवेलोपमेंट: प्रेवेंटिंग सबस्टानस अब्यूस अमोंग यूथ' कार्यक्रम के लिए पूरे देश से चार प्रतिभागियों का अमेरिका के लिए चयन हुआ है। जिसमें राजस्थान से एकमात्र भुवनेश गहलोत का चयन किया गया है।

गहलोत अभी नोएडा में ड्रिबल अकादमी में हेड कोच पद पर कार्यरत है तथा 30 जुलाई को दिल्ली से अमेरिका रवाना होंगे। चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भुवनेश ने बताया कि उनका चयन पूरे देश में अमेरिकी एम्बेसी द्वारा आयोजित परीक्षा के पश्चात हुआ है। आईवीएलपी अमेरिकी सरकार का एक फोरेन ओपिनियन लीडर्स के लिए प्रतिष्ठित एक्सचेंज कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत अमेरिका में उन्हें वाशिंगटन डीसी, मैरीलैंड, न्यूयॉर्क, ओहियो जैसे अलग-अलग शहरों में चल रहे खेल, फिटनेस और शिक्षा के कार्यक्रम से रूबरू करवाने के साथ गैर सरकारी संगठन और फाउंडेशन कैसे काम करते है उनसे परिचित करवाया जाएगा। इसके अलावा वहां पर स्कूल एवम् कॉलेज में चल रहे बास्केटबॉल कार्यक्रमों में शामिल होने तथा सीखने का मौका मिलेगा।

साथ ही किस तरह से स्पोर्ट्स या फिटनेस प्रोग्राम की हेल्प से कम्युनिटी गेप को कम किया जाए और लोकल आबादी के यूथ को किस तरह से गलत सेवन (जैसे ड्रग्स या अल्कोहल) या गलत कामों से दूर रखा जाए इसे परिचित करवाया जाएगा।

वहां पर एनजीओ और फाउंडेशन यूथ का पार्टीसिपेशन स्पोर्ट्स, फिजिकल फिटनेस और एकेडमिक्स में बढाने के लिए कैसे काम करते है। किस तरह से स्पोर्ट्स प्रोग्राम्स को मैनेज करते हैं और फंड रेज करते हैं जिससे स्पोर्ट्स और फिटनेस कल्चर को बढ़ावा मिले इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी।

भुनवेश ने कहा कि इस यात्रा से उन्हें बास्केटबॉल के जाने माने और एनबीए के नामी खिलाड़ी लेब्रोन जेम्स के फाउंडेशन- लेब्रोन जेम्स फैमिली फाउंडेशन आइ प्रोमिस स्कूल के गरीब और पिछड़े हुए बच्चों की शिक्षा, फिसिकल हेल्थ और स्पोर्ट्स में सहायता करता है वहाँ के प्रोग्राम से भी परिचित होने का एवम बास्केटबॉल प्रशिक्षण के बारे में सीखने का मौका मिलेगा।

भुवनेश के चयन पर खेल लेखक मनोज व्यास, मनीष जोशी, वरिष्ठ खेल समीक्षक आत्माराम भाटी, जनसम्पर्क विभाग के सहायक निदेशक हरि शंकर आचार्य, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के खेल निदेशक यशवंत गहलोत, शारीरिक शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष धुमल भाटी, संजय पुरोहित, पूर्व पार्षद शंभु गहलोत, जुगल व्यास, किशन भाटी, उज्ज्वल जैन, सांवरलाल, नन्द लाल, राज कुमार, श्याम सुंदर गहलोत व सुशील सहित खेल प्रेमियों ने बधाई देते हुए भुवनेश के चयन को बीकानेर ही नहीं पूरे राजस्थान के लिए उपलब्धि बताया।

## वन संपदा और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई

**बीकानेर** (निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आर पी सिंह ने विश्वविद्यालय के झंडारोहण परिसर में पहुंचकर एनसीसी यूनिट- 7 राज के कैडेट्स, महाविद्यालयों के विद्याथिर्यों, अधिष्ठाताओं, निदेशकों, वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों को वन संपदा और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और खुले परिसर में पौधरोपण किया।

कुलपति प्रो सिंह ने परिसर में विगत वर्षों में लगाए गए पौधों की वृद्धि की भी जानकारी ली और मौजूद कृषि वैज्ञानिकों से इस बार अच्छी वर्षा का लाभ उठाते हुए, ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने हेतु कहा। भू सादृश्यता व राजस्व सृजन निदेशक डॉ दाताराम ने बताया की दस दिवसीय (26 जुलाई से 04 अगस्त) वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान आज के दिन नीम, करंज, खेजडी आदि के लगभग 200 पौधे रोपें गए है। पौधों की उचित देखभाल व संरक्षण हेतु आज कुलपति प्रो सिंह ने शपथ भी दिलाई है। इस अवसर पर कुलसचिव कपूरशंकर मान, आईएबीएम अधिष्ठाता डॉ आई पी सिंह ,अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डॉ विमला डुंकवाल, निदेशक डॉ पी एस शेखावत, डॉ सुभाष चंद्र विशेषाधिकारी इंजी. विपिन लड्ढा सहित अधिकारियों व कर्मचारियों भाग लिया। मानव संसाधन विकास निदेशालय में जारी पौधरोपण कार्यक्रम में कुलपति प्रो आर पी सिंह ने भी पौधरोपण किया और स्टाफ को अधिकाधिक पौधरोपण हेतु प्रेरित किया।




# लापता किशोरी का सुराग लगाने की मांग

**सूरतगढ़,** (निसं)। यहां गांव 2 जेएसडी की एक किशोरी के लापता होने पर अब तक पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीणों का गांव में तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने जैतसर-पदमपुर मार्ग पर 1 घंटे वाहनों की आवाजाही बंद करवा दी। बाद दोपहर ग्रामीणों व पुलिस की वार्ता में पुलिस द्वारा आश्वासन देने के बाद जाम खोल दिया व धरना उठा लिया गया।

जानकारी के अनुसार गांव 2 जेएसडी के ग्रामीण पिछले तीन दिन से धरना लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने 29 जुलाई से लापता किशोरी की जानकारी अब तक न मिलने और पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर गांव में ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। ग्रामीणों ने धरने के साथ दो घंटे सड़क जाम की बात कही थी। जिसके चलते ग्रामीणों ने सड़क मार्ग पर अवरोधक लगाकर जैतसर-पदमपुर मार्ग से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी। धरनास्थल पर पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, पीसीसी सदस्य हनुमान मील, ग्रामीण लखविंदर सिंह, रामकिशन गोदारा, रामस्वरूप पूनिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गोयल, पूर्व सरपंच रामकरण ओड, बलविंदर सिंह, धर्म सिंह, दर्शन सिंह, सेवक सिंह, बलजीत सिंह, टेक सिंह, सुखदेव कौर, गुरप्रीत सिंह, पवन कुमार, सुखदेव, बलराम, छिंदर सूदन, रवि बाघला सहित महिलाएं धरने पर बैठी।

सड़क जाम पर धरने पर सैकड़ों लोगों के बैठे होने की सूचना मिलते ही सीआई विक्रम चौहान व पुलिस थाना स्टाफ मौके पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव की गांव की 15 वर्षीय किशोरी को लापता हुए 29 दिन हो चुके हैं, पर पुलिस अभी तक कोई जानकारी नहीं जुटा पाई है। सीआई विक्रम चौहान ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर गंभीर है।

# खाद्य सामग्री पर पांच प्रतिशत जीएसटी का विरोध किया

■ आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका

**अनूपगढ़,** (निसं)। आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आक्रोश रैली निकालकर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। आप के पूर्व बीकानेर संभाग अध्यक्ष अश्कर अली ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा खाद्य सामग्री पर 5 प्रतिशत लगाना आमजन विरोधी नीति को दर्शा रहा है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि खाद्य सामग्री पर लगाई गई जीसएटी को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए अन्यथा आंदोलन को तेज किया जाएगा।

इस दौरान राहुल सिंह, अमन फौजी, रवि चुम्मड़, अरमान, अरबाज प्रधान, जावेद मलिया, गौतम, साहिल, गोपी, रॉबिन, रवि सिंह, अरमान सिंह, भीम सिंह, धनराज, गुरू, आकाश दीप, गौरव, मनप्रीत पहलवान, अमृतपाल सिंह, युवराज सिंहरावला से पूरन सिंह, दिलीप मेघवाल, दीपक सोलंकी, गुरसेवक सिंह, विनोद कुमार, सतपाल सिंह, मनोज कुमार, जसविंद्र सिंह, जगत मामा, सादुलशहर से कुलवींद्र मान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**राजकीय कॉलेज को पीजी करने की मांग:-** अनूपगढ, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सेठ बिहारी लाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय को यूजी से पीजी में करने की मांग की है। जिसे लेकर छात्रों ने प्राचार्य राज कुमार गोयल को तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। एसएफआई के जिला सचिव विनोद पंवार ने बताया कि यह महाविद्यालय विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र राजकीय महाविद्यालय है, जो कि गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों की सस्ती शिक्षा प्राप्त करने का एकमात्र केंद्र है, लेकिन महाविद्यालय में सिर्फ 200 सीट होने के कारण अनेक विद्यार्थी प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं।

इसके अलावा पीजी की पढ़ाई निजी कॉलेज में करनी पड़ती है या फिर विद्यार्थी को 80 से 150 किलोमीटर दूरी तय कर सूरतगढ़, श्रीगंगानगर की ओर जाना पड़ता है। जिसके कारण यहां के जरूरतमंद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई छोड़ने को मजबूर होते है।

महाविद्यालय में इतिहास और भूगोल के व्याख्याताओं, लाइब्रेरी में पुस्तकों, खेलकूद सामग्री का भी अभाव देखा जा रहा है। छात्रों ने कहा कि अगर महाविद्यालय को पीजी नहीं किया जाता है, तो क्षेत्र के नौजवानों को लामबंद कर जल्द से जल्द एक निर्णायक संघर्ष लड़ने को एसएफआई मजबूर होगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज खत्री, एसएफआई तहसील सचिव रमन घारू, तहसील उपाध्यक्ष लवप्रीत सिंह, गौरव नायक, साहिल वर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बाल श्रम रोकथाम के लिए समझाइश की

**बीकानेर** , (निसं)। बाल श्रम रोकथाम के तहत गठित टीमों द्वारा गुरूवार को विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर बाल श्रम नहीं करवाने से जुड़ी समझाइश की गई व वाचन पत्र भरवाए गए। बाल अधिकारिता की सहायक निदेशक कविता स्वामी ने बताया कि तीन टीमों द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह से हल्दीराम प्याउ तक स्थित विभिन्न संस्थानों, दुकानों, ढाबों व होटलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाल अधिकार कानूनों की जानकारी दी गई तथा संस्थानों को बालश्रम नहीं करवाये जाने का बोर्ड प्रदर्शित करने के लिए कहा। टीमों के द्वारा 11 संस्थानों से बालश्रम नहीं करवाये जाने का वचन पत्र भी भरवाया गया। संस्थानों के कार्मिकों की आयु सम्बंधी दस्तावेजों की जांच में किसी भी स्थान पर कोई बाल श्रमिक नियोजित नहीं पाया गया। स्वामी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दो बालिकाएं भीख मांगते पाई गई जिन्हें समझाया गया एवं दोनों बालिकाओं को सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर बालिका गृह में अस्थाई प्रवेश दिया गया। बालश्रम उन्मूलन टीम में किशोर न्याय बोर्ड सदस्य अरविन्द सिंह सेंगर, सीआई सुमन जयपाल, मानव तस्करी प्रकोष्ठ के दिलीपसिंह, नरेन्द्रसिंह श्रम विभाग के मनोज एवं जुगलकिशोर तथा रेलवे चाईल्ड लाईन की सरिता राठौड़ के साथ ही टीम के अन्य सदस्यों द्वारा कार्यवाही संपादित की गई।

### स्कूल वैन और जीप की टक्कर में दो घायल

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। स्कूल से बच्चों को घर छोड़ने जा रही वैन की जीप से टक्कर हो गई। वाहनों के आमने-सामने की टक्कर में दो बच्चे घायल हो गए। तेज धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोग दौड़े और बच्चों को संभाला। दो बच्चों के ज्यादा चोट आने पर सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हादसा श्रीगंगानगर के घड़साना इलाके में गुरुवार दोपहर का है। दरअसल, गांव पतरोड़ा के एसआर पब्लिक स्कूल की बस का ड्राइवर बच्चों को बस में बैठाकर घर छोड़ने जा रहा था। वह एक -एक करके बच्चों को अपने घरों में छोड़ रहा था। वैन जब गांव बारह एमडी में बस स्टैंड के पास पहुंची तो नई मंडी से अनूपगढ़ जा रही जीप से टक्कर हो गई। हादसा होते ही तेज झटका लगा। अचानक हुए हादसे बच्चे घबरा गए ओर चिल्लाने लगे। इस दौरान वैन के कंडक्टर व ड्राइवर और आसपास के लोगों ने बच्चों को संभाला। वैन में 10 स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत यह रही कि वैन और जीप के ड्राइवरों को कोई चोट नहीं आई। जीप का ड्राइवर भी हादसे के बाद मौके पर ही रहा। वैन के ड्राइवर ने आसपास के लोगों की मदद से दो घायल बच्चों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया तथा बच्चों के परिजनों को सूचना दी। घायल बच्चों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

### खाद्य व्यापारियों के लिए शिविर 30 जुलाई को

**हनुमानगढ़** (निसं)। जिले में खाद्य व्यापारियों को फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के नियम व उपनियम की जानकारी देने, पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण एवं नए लाइसेंस बनवाने के लिए हनुमानगढ़ में शनिवार 30 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर चिकित्सा विभाग द्वारा एफएसएसएआई, नई दिल्ली के सहयोग से खाद्य व्यापारियों को फूड लाइसेंस की समस्त जानकारी देने के लिए एक कैम्प का आयोजन शनिवार 30 जुलाई को प्रातः 9 बजे हनुमानगढ़ टाउन स्थित भटनेर पैलेस में आयोजित किया रहा है। उन्होंने बताया कि इस शिविर में खाद्य व्यापारियों को फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के नियम एवं उपनियम की जानकारी, पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण एवं नए लाइसेंस बनवाने के लिए समस्त जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा शिविर में खाद्य अनुज्ञा पत्र एवं रजिस्ट्रेशन पत्र मौके पर ही बनाकर जारी कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह शिविर फूडग्रेन मचेन्ट्स एसोसिएशन संस्था तथा व्यापार संघ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### राज्यपाल आज बीकानेर दौरे पर

**बीकानेर,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को बीकानेर आएंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र 29 जुलाई को प्रातः 11 बजे नाल एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा प्रातः 11.45 बजे राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में संविधान पार्क व पारम्परिक पशु चिकित्सा पद्धतियां एवं वैकल्पिक औषधि विज्ञान केन्द्र का उद्घाटन करेंगे। दोपहर 1.10 बजे जिले के चारों विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक लेंगे। सायं 5.25 बजे देशनोक के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल सायं 7 बजे रवीन्द्र रंगमंच पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। राज्यपाल कलराज मिश्र 30 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगे तथा दोपहर 12.30 बजे सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक लेंगे। सायं 5.15 बजे कपिल मुनि आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे तथा यहां से सायं 7 बजे गजनेर जाएंगे। राज्यपाल 31 जुलाई को प्रातः 11.30 बजे महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा दोपहर 2.20 बजे नाल एयरपोर्ट से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### हीमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन

**बीकानेर,** (निसं)। जैन कन्या पी-जी-महाविद्यालय बीकानेर में आज जिला कलेक्टर बीकानेर द्वारा एनीमिया मुक्त बीकानेर कार्यक्रम के तहत हीमोग्लोबिन जाँच शिविर का आयोजन रखा गया " जिसमे नर्सिंग ऑफिसर अभिषेक बारासा और उनके सहयोगी नर्सिंग कमिर्यों की टीम द्वारा महाविद्यालय की छात्राओं की हीमोग्लोबिन जाँच की गईं जिसमे महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर इस जाँच शिविर में सहभागिता निभाई" इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संध्या सक्सेना ने छात्राओं को हीमोग्लोबिन जाँच के लिए अभिप्रेरित करते हुए कहा की एक स्वस्थ शरीर के लिए हीमोग्लोबिन अति आवश्यक तत्व हैं विशेषकर छात्राओं के लिए जिनको भविष्य में एक और शरीर को जन्म देना हैं" उनके लिए तो हीमोग्लोबिन अमरत्व के सामान हैं इस दौरान महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने भी हीमोग्लोबिन की जाँच करवाकर एनीमिया मुक्त बीकानेर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया ।

### हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण किया

**बीकानेर,** (निसं)। अर्पण सेवा समिति द्वारा हरियाली महोत्सव मनाते हुए अनेक स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने बताया पवनपुरी सेक्टर नंबर 4 नेहरू बाल उद्यान पार्क, सुदर्शनानगर गुफा मंदिर, रतन बिहारी पार्क, में पौधारोपण किया गयाङ डॉ कप्तान चंद्र चारण, डॉ पवन दाधीच, सुनील बांठिया ने पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया मीठा नीम, सदाबहार, डबल चांदनी, गुलाब, चंपा आदि अनेक प्रकार के पौधे लगाए गए कार्यक्रम में मोहनलाल सोलंकी, मदनगोपाल मदान, किशन लाल व्यास, रतन लाल सोमानी, पंडित श्रवण कुमार, जयेश शर्मा, मुकेश किंगर, आदि का सहयोग रहा।

# गौकशी के खिलाफ धरना दे रहे ग्रामीणों की पुलिस से झड़प, लाठीचार्ज से तनाव

■ हनुमानगढ़ में कर्फ्यू-इंटरनेट बंद, 45 हिरासत में

**हनुमानगढ़,** (निसं)। जिले में गोकशी को लेकर शुरू हुआ विवाद और गहरा गया है। पुलिस और आंदोलनकारी ग्रामीणों में संघर्ष के बाद दो गांवों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

इंटरनेट बंदी के साथ पूरे एरिया में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। संदिग्धों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पथराव-लाठीचार्ज में पुलिस और आंदोलनकारी घायल हुए हैं। इस सिलसिले में पुलिस ने 45 लोगों को हिरासत में लिया है।

दरअसल, चिड़ियागांधी गांव में 21 जुलाई से ही माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि ईद के मौके पर यहां गोकशी की गई। उसकी पुष्टि भी एफएसएल की रिपोर्ट में हो चुकी है। गोकशी करने वालों के खिलाफ एक्शन की मांग को लेकर ग्रामीण यहां धरना दे रहे थे। इस बीच मंगलवार को आंदोलनकारियों को धरना स्थल से खदेड़ने के बाद माहौल बिगड़ गया है।

इस ज्यादती के खिलाफ ग्रामीणों ने बुधवार दोपहर को रैली निकाली तो धारा-144 का उल्लघन के आरोप में पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। पथराव, लाठीचार्ज के बाद और आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। हालात ऐसे बन गए कि जिले के दो गांवों गांधीबड़ी और चिड़ियागांधी में कर्फ्यू लगा दिया। यहां इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गईं। वहीं, पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में 43 लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के अलावा 45 से अधिक को डिटेन कर लिया है।

पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच हुई लाठीचार्ज-पथराव में भिरानी थानाधिकारी ओमप्रकाश सुथार के सिर पर चोट लगी, जबकि एक अन्य ग्रामीण भी चोटिल हो गया। संघर्ष की सूचना पर कलेक्टर नथमल डिडेल और एसपी डॉ. अजयसिंह भी गांधीबड़ी पहुंचे। आसपास के कई थानों एवं पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स बुलाकर इलाके में तैनात कर दिया गया है।

हनुमानगढ़ के चिड़ियागांधी में 10 जुलाई को ईद पर गोकशी का मामला सामने आया था। प्रशासन की ओर से दावा किया गया था कि गौ-हत्या नहीं हुई है। सैंपल लैब में भेजे गए तो एफएसएल रिपोर्ट में गोकशी की पुष्टि हुई। इस पर गांववालों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प भी हुई। इसके बाद 21 जुलाई से ही क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

एसपी डॉ. अजयसिंह राठौड़ ने बताया कि चिड़ियागांधी में लॉ एंड ऑर्डर के मद्देनजर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। आंसू गैस के 8 गोले भी छोड़े गए। ग्रामीणों ने पुलिस पर पत्थर बरसाए, जिसमें एक एसएचओ को चोटें आई हैं। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजन भी सहयोग करें।

कलेक्टर नथमल डिडेल का कहना है कि दोनों गांवों में स्थिति नियंत्रण में है। माहौल बिगड़ने पर पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। एहतियातन दोनों गांवों में जीरो मोबिलिटी कर्फ्यू लगाया है। इलाके में इंटरनेट भी आगामी आदेश तक बंद रहेगा।

## स्ट्रीट लाइटें बिगड़ी तो सभापति कलेक्टर के द्वार पहुंची

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। शहर के कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटें बिगड़ने के बाद गुरुवार को नगर परिषद सभापति करुणा चांडक और कई पार्षद कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध-प्रदर्शन किया।

उनके साथ कांग्रेस नेता अशोक चांडक, पार्षद कमला बिश्नोई, ऋतु धवन, पूर्व पार्षद अमरजीत गिल सहित कई लोग थे। उनका कहना था कि शहर में स्ट्रीट लाइट लगवाने वाली कंपनी ने कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें नहीं लगवाई हैं। इससे शहर के वार्डों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

पूर्व पार्षद अमरजीत गिल ने बताया कि उनकी पत्नी पवनदीप कौर वार्ड 53 की पार्षद हैं। उनके वार्ड में करीब नौ स्ट्रीट लाइट खराब हैं। इलाके के लोग उन्हें स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने के लिए कहते हैं लेकिन नगर परिषद सभापति सहित पार्षदों के कहने के बावजूद संबंधित कंपनी स्ट्रीट लाइटें नहीं लगवा रही है। सभापति चांडक ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

सभापति चांडक और पार्षद नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उन्हें अधिकारियों से बात करने का आग्रह किया। जिला प्रशासन ने इस संबंध में डीएलबी में बात की है। जिला कलेक्टर ने इस मामले में शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# दूध उत्पादक सहकारी समिति पर अनियमितता की शिकायत

■ अध्यक्ष और सचिव पर लगाए आरोप, जांच करवाने की मांग

**हनुमानगढ़,** (निसं)। गांव 41 एनडीआर व पंडितांवाली के पशुपालकों एवं दूध उत्पादकों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। दूध उत्पादकों ने दूध उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष और सचिव की ओर से पशु आहार का रेट अधिक वसूलने और सब्सिडी नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि गांव 41 एनडीआर में दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के नाम से समिति चल रही है। समिति के सचिव व अध्यक्ष की ओर से पशु आहार के प्रति बैग पर 150 रुपए ज्यादा रेट वसूली जा रही है। समिति पर 700-800 लीटर दूध आ रहा है। मुख्यमंत्री दूध संबल योजना के तहत 5 रुपए प्रति लीटर दूध अपने घर के सदस्यों के खाते में पिछले 12 महीनों से भेजा जा रहा है।

दूध उत्पादकों ने कहा कि उन्होंने पहले भी सरस डेयरी में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। समिति पर निःशुल्क आने वाले हरे चारे के बीज के भी सचिव रुपए वसूलता है। सचिव ने स्वयं की प्रबंध कार्यकारिणी बना रखी है, जो नियमानुसार गलत है। प्रबंध कार्यकारिणी में सचिव की ओर से अपनी बहनों का नाम दिया गया है। बहन की शादी हो चुकी है और अध्यक्ष व सचिव दोनों पिता-पुत्र हैं। सचिव, अध्यक्ष ने समिति में अपना राजपाट जमा रखा है। समिति का जो लाभ दूध उत्पादकों को मिलना था, वो नहीं मिल रहा है। आज तक लाभ वितरण नहीं किया है। समिति बीएमसी अपने घर पंडितांवाली में लगा रखी है, जो भी नियमानुसार गलत है। पशुपालकों एवं दूध उत्पादकों ने समिति से दूध का सैंपल भरने, अनियमिताओं की विजिलेंस टीम से जांच करवाने, समिति बीएमसी को 41 एनडीआर में ही लगाने और ऑडिट रिपोर्ट करने की मांग की। इस मौके पर सुरेंद्र जाखड़, राजवीर माली, विक्रम बिश्नोई, ललित कुमार, सुभाष, संजू आदि मौजूद थे।

# गंगानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में 10 करोड़ से 17 सड़कें बनेंगी

■ विधायक गौड़ के प्रयासों से 40.20 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों पर 10 करोड़ की लागत आयेगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गंगानगर विधानसभा क्षेत्र में गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ की अनुशंषा पर बजट घोषणा 2022-23 की पालना में नॉन पेचेबल/मिसिंग लिंक 40.20 किलोमीटर लम्बाई की सड़कों पर 10 करोड़ की लागत आयेगी।

विधायक गौड़ ने बताया कि 20 एलएनपी राजकीय विद्यालय से पृथ्वी सिंवर के खेत की ओर 0.25 किलोमीटर लम्बाई की सड़क पर 8.13 लाख रूपये, 12 एचएच रोड से लठ्ठावाली तक 2.50 किलोमीटर लम्बाई की सड़क पर 81.25 लाख रूपये, ढींगावाली रोड से 9 एचएच नवीन स्वीकृत रोड़ 1.25 किलोमीटर पर 40.63 लाख रूपये, सुलेमान की हेड से साबुकी मोड़ सड़क 25 एमएल शमशान भूमि तक 3 किलोमीटर लम्बी सड़क पर 97.50 लाख रूपये की राशि व्यय की जायेगी।

मिसिंग लिंक 5 जी छोटी से 9 ए छोटी तक 2.75 किलोमीटर सड़क निर्माण पर 89.38 लाख रूपये, मिसिंग लिंक रोड़ 20 एलएनपी से उग्रसेन पोटलिया की ढ़ाणी 0.50 किलोमीटर पर 16.25 लाख, 21 जीजी आबादी से 22 जीजी नवीन प्रस्तावित 2.25 किलोमीटर लम्बाई की सड़क पर 73.13 लाख तथा ग्रामीण सीसी रोड 4 एलएल से 8 एलएल रोड़ तक 0.95 किलोमीटर पर 30.88 लाख, अप्रोच रोड मनफूलसिंहवाला 21 एलएनपी रोड से 19 एलएनपी की ढ़ाणियों में 1 किलोमीटर की सड़क पर 32.50 लाख रूपये की राशि खर्च की जायेगी।

गौड़ ने बताया कि मिसिंग लिंक 4 एलएल से 5 एलएल वाया एलएल नहर 3.25 किलोमीटर लम्बाई की सड़क पर 105.63 लाख रूपये की राशि, 9 एलएल 5 एलएल मोड से 8 एलएल तक 1.50 किलोमीटर के निर्माण पर 48.75 लाख, मिसिंग लिंक रोड 6 एमएल महाविद्यालय से राजकीय प्राथमिक स्कूल 1 एचएच तक 2 किलोमीटर लम्बी सड़क तक 65 लाख रूपये की राशि खर्च की जायेगी। इसी प्रकार चूनावढ़ कोठी से 23 जीजी सड़क तक नहर के साथ-साथ 0.75 किलोमीटर पर 24.38 लाख रूपये, लिंक रोड तीन पुली से मोहनपुरा फाटक तक 1.75 किलोमीटर की लम्बाई पर 72.34 लाख, श्रीगंगानगर सूरतगढ़ रोड से 25 एमएल वाया 23 एमएल व 24 एमएल तक 6.50 किलोमीटर लम्बाई की सड़क पर 84.50 लाख रूपये, 7 ए ढींगावाली रोड 5.50 किलोमीटर पर 71.50 लाख तथा 22 एमएल से 9 एमएल तक 4.50 किलोमीटर लम्बाई की सड़क पर 58.25 लाख रूपये की राशि खर्च की जायेगी। गंगानगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में 10 करोड़ रूपये की सड़के स्वीकृत करन पर विधायक राजकुमार गौड़ ने नागरिकों की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव का आभार व्यक्त किया ह गौड़ ने कहा कि 10 करोड़ की सड़के बनने से ग्रामीण क्षेत्रा के अनेकों गांवों व ढ़ाणियों के नागरिकों को बड़ा लाभ मिलेगा तथा यातायात सुगम होगा।

## श्रीगंगानगर, सादुलशहर, घड़साना में तेज बरसात

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में गुरुवार सुबह बूंदाबांदी के बाद दोपहर में बादल जमकर बरसे। करीब बीस मिनट तक तेज बरसात से सड़कों पर पानी जमा हो गया। वहीं जिले के सादुलशहर और घड़साना में भी तेज वर्षा हुई। इससे मौसम खुशनुमा हो गया।

श्रीगंगानगर में सुबह दिन की शुरुआत में बादल छाए रहे। दोपहर करीब बारह बजे हलकी बूंदाबांदी के बाद एक बार उमस का माहौल हो गया लेकिन इसके बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे एक बार फिर वर्षा शुरू हो गई।

शहर के बीरबल पार्क में आज प्रशासन शहरों के संग शिविर लगाया गया था। लेकिन बूंदाबांदी शुरू होने पर नगर परिषद के कर्मचारी कागज लेकर सुरक्षित जगह की तरफ भागे। हालांकि बूंदाबांदी करीब दस मिनट तक ही चली। लेकिन इससे कर्मचारियों और फरियाद लेकर आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दोपहर बाद तेज वर्षा होने से तो शिविर स्थल पर ही पानी जमा हो गया। इससे नगर परिषद कर्मचारियों ने टीन शैड के नीचे ही डेरा डाल लिया। इन दिनों इलाके में अलग-अलग स्थानों पर बरसात की आशंका भी जताई जा रही है। इसी के तहत जिले के अलग-अलग हिस्सों में बरसात हो भी रही है। मौसम विभाग के अनुसार अभी मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। गुरुवार को जिला मुख्यालय के अलावा जिले के सादुलशहर में दोपहर में तेज वर्षा हुई। वहीं घड़साना में भी देर तक वर्षा होने से मौसम खुशनुमा हो गया।

# संविधान पार्क का लोकार्पण आज

**बीकानेर,** (निसं)। वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को प्रातः 11:30 बजे राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में नवनिर्मित संविधान पार्क एवं पारम्परिक पशुचिकित्सा पद्धतियां एवं वैकल्पिक औषधि विज्ञान केन्द्र का लोकार्पण करेंगे। निर्देशानुसार विश्वविद्यालय के सार्दुल सदन परिसर में मुख्य द्वार के पास संविधान पार्क का निर्माण किया गया है। इस संविधान पार्क में संविधान स्तम्भ बनाया गया है जिस पर अशोक चिन्ह एवं तिरंगा लगा है। मार्बल के पत्थर पर नीति निर्देशक तत्व, नागरिकों के मूल अधिकार एवं कर्तव्य को अंकित किया गया है। कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया की भी इस कार्यक्रम में गारिमामायी उपस्थिति रहेगी। कुलपति प्रो. सतीश के. गर्ग ने बताया कि राजभवन से प्राप्त

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

क्रमांक :- LU2012/SGN/2022-23/100424 **लोक सूचना** दिनांक : 27.7.2022

श्री आदराम व श्री दयाराम पिसरान श्री तारूराम, श्री रामकुमार पुत्र श्री सुलतान निवासी दौलतपुरा, श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र.सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चक 5 ई छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर | श्री आदराम व श्री दयाराम पिसरान श्री तारूराम, श्री रामकुमार पुत्र श्री सुलतान | मुरब्बा नं. 2 के किला नं. 3 में 0.253 है. में से 0.0038 है. किला नं. 8 में 0.253 है. में से 0.0038 है. यथाकुल 0.0076 हैक्टेयर | कुल 0.0076 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.7.2022 को जारी की गयी।

- प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर